# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 06.06.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदय श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है ।

**(2).** आज दिनाँक 06.06.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी ।

**(3).** आज दिनाँक 06.06.2024 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा ज्येष्ठ मास अमावस्या मेला का निरीक्षण किया गया । इस दौरान डियूटी पर तैनात पुलिस बल की डियूटियां चेक कर सभी को सतर्कतापूर्ण डियूटी करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा सभी से कहा गया कि श्रद्धालुओं से साथ विनम्रतापूर्वक व्यवहार करें ।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह, पीआरओ श्री प्रदीप कुमार पाल तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगगण उपस्थित रहे

**(4).** लिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष मारकुण्डी श्री मनीष कुमार के मार्गदर्शन में उ0नि0 यूटी0 श्री अर्पित पाठक तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त छोटू मवासी पुत्र राम किशन निवासी खोखला रामनगर मझगवां जिला सतना म0प्र0 को 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ

गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मारकुण्डी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**बरामदगीः-**

18 क्वार्टर देशी शराब

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 यूटी0 श्री अर्पित मिश्रा थाना मारकुण्डी

2.आरक्षी सूर्यकान्त

3.आऱक्षी कैलाश

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री अजीत कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में उ0नि0श्री कृपानन्दन शर्मा तथा उनके हमराही द्वारा मु0अ0सं0 163/2024 धारा 307,324 भादवि0 के नामजद अभियुक्त रज्जन पासी पुत्र ललुआ निवासी सुरौंधा थाना मऊ जनपद चित्रकूट को घटना में प्रयुक्त 01 अदद चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 04/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी।

**बरामदगी**

एक अदद चाकू

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री कृपानंदन शर्मा थाना मऊ

2.आरक्षी प्रवीण कुमार पांडेय

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 मेवालाल मौर्य तथा उनके हमराही द्वारा एसटी नं0 27/2017 धारा 135(1) विदयुत अधिनियम के वारण्टी अभियुक्त महेश उर्फ टिल्लू पुत्र रामखेलावन उर्फ खिलौना निवासी चौगलिया सीतापुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1.उ0नि0 श्री मोवालाल मौर्य चौकी सीतापुर

2.आरक्षी अतुल परिहार

**(7).** आज दिनाँक 6.06.2024 को पुलिस अधीक्षक जनपद चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में प्रभारी एलआईयू निरीक्षक श्री सूर्यकान्त अरुण राय के मार्गदर्शन में बांदा व प्रयागराज की एस चेक टीम एवं डॉग स्क्वॉयड ,एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा ज्येष्ठ मास अमावस्या पर्व के अवसर पर सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत रामघाट, आरती स्थल निर्मोही अखाड़ा परिक्रमा मार्ग आदि स्थानों पर सघन चेकिंग की गई।

**(8).** आज़ दिनांक 06.06.2024 को ज्येष्ठ अमावस्या मेला के अवसर पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर के सहयोग से कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री श्याम देव सिंह द्वारा पुलिस कर्मियों के साथ गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिये शर्बत की व्यवस्था की गयी तथा श्रद्धालुओं को केला वितरित किये गये।